DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 27 दिसंबर, 2025

NAME OF NEWSPAPERS

# डीडीए ने जनता आवास योजना लांच की

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: डीडीए ने अफोर्डेबल हाउसिंग के तहत जनता आवास योजना-2025 लांच कर दी है। इसमें कुल 144 फ्लैट शामिल किए गए हैं। 62 फ्लैट द्वारका मोड़ और 82 फ्लैट छतरपुर मेन रोड पर हैं। यह फ्लैट ईडब्ल्यूएस श्रेणी वाले हैं।

डीडीए के अनुसार दोनों जगहों पर यह फ्लैट डीडीए के लिए प्राइवेट बिल्डरों ने तैयार किए हैं। यह फ्लैट कंप्यूटराइज्ड ड्रा के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। डीडीए के अनुसार द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास बने फ्लैटों का साइज 29.246 से 30.688 वर्ग मीटर है। यह फ्लैट 12.63 से 13.24 लाख रुपये तक के हैं। वहीं छतरपुर मेन रोड पर बने फ्लैटों का साइज 45.57 से 48.24 वर्ग मीटर तक है। यह फ्लैट 23.06 से 24.37 लाख रुपये तक के हैं। इन फ्लैटों के साथ कवर और अनकवर्ड दोनों तरह की पार्किंग भी है। दो वर्ग मीटर की अनकवर्ड पार्किंग और 1.25 स्क्वायर मीटर की कवर्ड पार्किंग भी शामिल की गई है। इस योजना में वही लोग हिस्सा ले सकते हैं जिनकी पारिवारिक आय 10 लाख सालाना से अधिक न हो। पंजीकरण की प्रक्रिया सात जनवरी 2026 से शुरू होगी।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

# सस्ते घरों की नई योजना लाया डीडीए

नई दिल्ली, व.सं। डीडीए जनता आवास योजना 2025 के तहत द्वारका मोड़ और गांव चंदनहौला छतरपुर मेन रोड में मात्र 12.63 लाख रुपये से शुरू शानदार ईडब्ल्यूएस रेडी-टू-मूव-इन फ्रीहोल्ड फ्लैट्स उपलब्ध करा रहा है।

इसके लिए 31 दिसंबर से स्कीम ब्रोशर उपलब्ध होगा। इसके लिए पंजीकरण 7 जनवरी 2026 से शुरू होंगे। इसकी अधिक जानकारी के लिए डीडीए की आधिकारिक वेबसाइट dda.gov.in/ पर जा सकते हैं।

## पीएम उदय योजना के आज-कल कैंप लगेंगे

डीडीए की तरफ से पीएम उदय (प्रधानमंत्री-अनधिकृत कॉलोनियों में आवास अधिकार योजना) को लेकर शनिवार और रविवार को अलग-अलग स्थानों पर कैंप लगेंगे। ज्यादा जानकारी dda.gov.in से ले सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI
NAME OF NEWSPAPERS---DELHI-----------DA 29 दिसम्बर, 2025 सोमव

# सात जनवरी से शुरू होंगे डीडीए की जनता आवास योजना में रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अफोर्डेबल हाउसिंग के तहत जनता आवास योजना-2025 लॉन्च कर दी है। 31 दिसंबर को इस योजना का ब्रोशर जारी होगा जबकि योजना के लिए सात जनवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। इस योजना के तहत कुल 144 फ्लैट शामिल किए गए हैं। 62 फ्लैट द्वारका मोड़ और 82 फ्लैट छतरपुर मेन रोड पर हैं। ये सारे फ्लैट ईडब्ल्यूएस श्रेणी वाले हैं। रेडी टू मूव इन वाले ये फ्लैट फ्री होल्ड हैं। डीडीए के अनुसार



योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सात जनवरी से शुरू होकर सात फरवरी तक चलेगी। फ्लैटों का ड्रॉ 13 फरवरी कम्प्यूटर के माध्यम से निकाला जाएगा। रजिस्ट्रेशन से लेकर फ्लैटों के आवंटन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगहों पर यह फ्लैट डीडीए के लिए प्राइवेट बिल्डरों ने तैयार किए हैं। द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास बने फ्लैटों का साइज 29.246 से 30.688 वर्ग मीटर है। यहां फ्लैट 12.63 से 13.24 लाख रुपये तक के हैं। वहीं छतरपुर मेन रोड पर बने फ्लैटों का साइज 45.57 से 48.24 वर्ग मीटर तक है। यह फ्लैट 23.05 से 24.37 लाख रुपये तक के हैं। इन फ्लैटों के साथ कवर्ड और अनकवर्ड दोनों तरह की पार्किंग भी है। दो वर्ग मीटर की अनकवर्ड पार्किंग और 1.25 स्क्वायर मीटर की कवर्ड पार्किंग भी शामिल की गई है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

amarujala.com

NAME OF NEWSPAPERS--- नई दिल्ली | सोमवार, 29 दिसंबर 2025 ---DATED---

# डीडीए की नई स्कीम से 12.50 लाख में मिलेगा अपना घर

## 31 दिसंबर को ब्रोशर लॉन्च होगा, 7 जनवरी से रजिस्ट्रेशन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। डीडीए ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए एक और सस्ती हाउसिंग स्कीम लॉन्च की है। जनता आवास योजना के तहत द्वारका मोड़ के पास और छतरपुर मेन रोड पर महज 12.50 लाख रुपये के आसपास रेडी टू मूव फ्लैट मिलेंगे। 31 दिसंबर को हाउसिंग स्कीम का ब्रोशर लॉन्च होगा, जिसमें पता चलेगा कि किस जगह पर कितने फ्लैट्स हैं। इसके लिए 7 जनवरी से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

योजना के तहत द्वारका मोड़ और चंदनहौला गांव छतरपुर मेन रोड क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के रेडी टू मूव इन फ्रीहोल्ड फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे। इन फ्लैट्स की शुरुआती

### द्वारका मोड़ और छतरपुर में रेडी टू मूव ईडब्ल्यूएस फ्लैट

कीमत करीब 12.63 लाख रुपये रखी गई है, जो दिल्ली में सबसे सस्ते आवास विकल्पों में से एक मानी जा रही है। डीडीए के मुताबिक योजना का ब्रोशर 31 दिसंबर से उपलब्ध होगा, जबकि फ्लैट के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 7 जनवरी से शुरू की जाएगी।

इच्छुक आवेदक डीडीए की आधिकारिक वेबसाइट dda.gov.in पर जाकर या हेल्पलाइन नंबर 1800110332 पर कॉल कर पूरी जानकारी ले सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक फ्लैट पूरी तरह तैयार हैं, यानी लोगों को बुकिंग के बाद लंबे इंतजार की जरूरत नहीं होगी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— दैनिक भास्कर ——————DATE नई दिल्ली रविवार, 28 दिसंबर, 2025

## डीडीए बेच रहा ईडब्ल्यूएस के 144 रेडी टू मूव फ्लैट्स

# जनता आवास योजना; 12.63 लाख में मेट्रो स्टेशन के करीब मिलेगा फ्लैट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 'जनता आवास योजना' लेकर आया है। इसके अंतर्गत वह ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 144 रेडी टू मूव इन फ्रीहोल्ड फ्लैट्स बेचने जा रहा है। इस योजना में 82 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स प्राइम लोकेशन द्वारका मोड़ पर उपलब्ध हैं और मेट्रो स्टेशन से केवल 100 मीटर की दूरी पर हैं। इन फ्लैट्स का साइज 29.246 से 30.688 स्क्वॉयर मीटर तक है। वहीं 62 अन्य फ्लैट्स गांव चंदनहौला छतरपुर मेन रोड पर स्थित हैं। इनका साइज 45.575 से 48.249 स्क्वॉयर मीटर के बीच है।

### शर्तः सालाना आय 10 लाख रुपए से अधिक नहीं

अधिकारियों ने बताया कि ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए आवेदक और संयुक्त/सह-आवेदक की पारिवारिक आय 10 लाख रुपए सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस क्लॉज के लिए फैमिली इनकम में एप्लीकेंट और उसके पति/उसकी पत्नी (अगर शादीशुदा है) की इनकम शामिल है। जॉइंट एप्लीकेंट/को-एप्लीकेंट परिवार का ही सदस्य होना चाहिए। फैमिली का मतलब है कोई व्यक्ति या उसकी पत्नी या उसका पति या उसके/उस पर निर्भर कोई भी रिश्तेदार, जिसमें अविवाहित बच्चे भी शामिल हैं।

डीडीए अधिकारियों के अनुसार, द्वारका मोड़ पर उपलब्ध फ्लैट्स की कीमत 12.63 लाख (टाइप-ए) और 13.24 लाख रुपए (टाइप-बी) है। वहीं गांव चंदनहौला, एसएसएन मार्ग, छतरपुर मेन रोड पर उपलब्ध फ्लैट्स की कीमत 23.05 लाख से 24.37 लाख रुपए तक है। फ्लैट्स के लिए रजिस्ट्रेशन 7 जनवरी 2026 से शुरू होगा। बुकिंग 7 फरवरी तक की जा सकेगी। बुकिंग प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और फ्लैट्स पाने वाले लोगों का ड्रॉ 13 फरवरी को निकाला जाएगा। फ्लैट्स खरीदने के इच्छुक लोगों के देखने के लिए सैंपल फ्लैट्स भी उपलब्ध हैं।

पंजाब केसरी DELHI
28 दिसम्बर, 2025 ▸ रविवार

# डीडीए के संस्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए एलजी वीके सक्सेना

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली के उपराज्यपाल व दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष वीके सक्सेना शनिवार को डीडीए के 69वें संस्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। बांसेरा उद्यान में आयोजित समारोह के अवसर पर उन्होंने शिल्पकारों, दस्तकारों और कारीगरों के लिए अस्थाई बाजार 'सम्मार' का भी उद्घाटन किया। एलजी ने एक्स पर यह जानकारी साझा की। कहा कि डीडीए की बीते दशकों की यात्रा वस्तुतः दिल्ली के विकास की यात्रा रही है। विशेषकर पिछले कुछ वर्षों में डीडीए और उसके कर्मियों ने बदलती हुई दिल्ली के शिल्पकार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहा कि डीडीए लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत व विकसित दिल्ली के दृष्टिकोण के अनुरूप यमुना के प्रदूषित किनारों का असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे उद्यानों के रूप में कायाकल्प कर रहा है। साथ ही डीडीए संजय वन, महरौली पुरातत्व पार्क, शालीमार बाग और सेंट जेम्स चर्च जैसी ऐतिहासिक विरासतों का पुनरुद्धार कर रहा है। हर वर्ग के लोगों को आवास उपलब्ध करा रहा है व कम्युनिटी स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का कार्य कर रहा है। एलजी ने कहा कि डीडीए के अध्यक्ष के रूप में यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि डीडीए ने इस वर्ष भी बांसेरा उद्यान में अपना स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया।



अस्थाई बाजार 'सम्मार' का उद्घाटन करते एलजी वीके सक्सेना व अन्य।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------ दैनिक जागरण नई दिल्ली, 28 दिसंबर, 2025

# दिल्ली को बदलने में डीडीए कर्मियों ने निभाई शिल्पकार की भूमिका : एलजी



सराय काले खां स्थित बांसेरा पार्क में डीडीए के स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना • सौ. उपराज्यपाल कार्यालय

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : सराय काले खां स्थित बांसेरा पार्क में शनिवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण के 69वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने शिल्पकारों, दस्तकारों और कारीगरों के लिए अस्थायी बाजार का उद्घाटन किया। समारोह के तहत सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। अलग-अलग राज्यों के कलाकारों ने लोकनृत्य की प्रस्तुति से मन मोह लिया।

उपराज्यपाल ने कहा कि डीडीए की बीते दशकों की यात्रा वस्तुतः दिल्ली के विकास की यात्रा रही है। विशेषकर पिछले कुछ वर्षों में डीडीए और उसके कर्मियों ने बदलती हुई दिल्ली के शिल्पकार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यमुना किनारे असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे उद्यान बनाए। संजय वन, महरौली पुरातत्व पार्क, शालीमार बाग और सेंट जेम्स चर्च जैसी ऐतिहासिक विरासतों का पुनरुद्धार किया। डीडीए निरंतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' एवं 'विकसित दिल्ली' के दृष्टिकोण के अनुरूप कार्य कर रहा है। संस्था के अध्यक्ष के रूप में मेरे लिए इससे अधिक गर्व का विषय और क्या हो सकता है कि जहां अब तक डीडीए अपना स्थापना दिवस अन्य संस्थानों या विभागों के परिसरों में आयोजित करता रहा है( वहीं इस वर्ष यह आयोजन स्वयं डीडीए द्वारा विकसित सुंदर बांसेरा उद्यान में संपन्न हुआ।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— हिन्दुस्तान नई दिल्ली, रविवार, 28 दिसंबर 2025 —DATED—

# ‘दिल्ली के विकास में डीडीए अग्रणी रहा है’

नई दिल्ली, व.सं। डीडीए ने अपना 69वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह में उपराज्यपाल वीके सक्सेना शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राजधानी के विकास में डीडीए अग्रणी रहा है।

इस अवसर पर बांसेरा उद्यान में शिल्पकारों, दस्तकारों और कारीगरों के लिए अस्थाई बाजार "सम्सार" का भी उद्घाटन किया गया। उपराज्यपाल ने कहा कि डीडीए की बीते दशकों की यात्रा वस्तुतः दिल्ली के विकास की यात्रा रही है। विशेषकर पिछले कुछ वर्षों में डीडीए और उसके कर्मियों ने बदलती हुई दिल्ली के शिल्पकार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पीएम उदय योजना के आज शिविर लगेंगे

डीडीए की तरफ से पीएम उदय (प्रधानमंत्री-अनधिकृत कॉलोनियों में आवास अधिकार योजना) को लेकर रविवार को अलग-अलग स्थानों पर कैंप लगेंगे। ज्यादा जानकारी dda.gov.in से ले सकते हैं।

## आवास योजना के लिए पंजीकरण का मौका

डीडीए की ओर से कर्मयोगी आवास योजना के पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसकी बुकिंग प्रक्रिया 14 जनवरी से शुरू होगी। इसमें नरेला में तैयार कुल 1168 फ्लैट के लिए सरकारी कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं। ज्यादा जानकारी dda.gov.in से ले सकते हैं।